


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 13 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 194 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# सैलरी बढ़ाने के लिए हिंसक प्रदर्शन

## तोड़फोड़, पथराव, आगजनी, चक्काजाम : पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले

● पिछले कई दिनों से चल रहे आंदोलन की लपटें आज भड़क उठीं
● महिलाओं ने भी की भागीदारी






**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में सोमवार को कई कंपनियों के कर्मचारी सड़कों पर उतर आए। नोएडा में पिछले तीन से चार दिनों से अपनी मांगों को लेकर कर्मचारी सड़कों पर उतर रहे हैं। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में सैलरी 13 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपये करना, ओवरटाइम का भुगतान और छुट्टियों का अलग प्रावधान शामिल है। प्रदर्शनकारियों ने कई गाड़ियों में आग लगा दी और पुलिस पर पथराव भी किया। इसके अलावा कंपनी में तोड़फोड़ भी की गई है। गुस्साए कर्मचारियों ने नोएडा के विभिन्न क्षेत्रों में कई प्रमुख सड़कों पर जाम लगा दिया। इससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई और आम लोगों को भारी परेशानी हुई। फेज दो में चल रहे प्रदर्शन ने विशेष रूप से हिंसक रूप ले लिया। आक्रोशित भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। मदरसन कंपनी के पास क़रीब चार गाड़ियों को किया आग के हवाले किया गया है। उत्तर प्रदेश स्थित नोएडा के फेज दो में एक कंपनी के कर्मचारी बड़ी संख्या में जमा हुए थे। नोएडा के सेक्टर 62 में भी कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी रहा। नोएडा सेक्टर-59 में भी कई कंपनी के श्रमिक सड़क पर उतर गए। कंपनी बंद हो गई। हंगामे के बीच महिला कर्मचारी बैठ गई हैं। ग्रेटर नोएडा के फेज़ 2 में मज़दूरों ने वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर हिंसक प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन उग्र हो गया, जिसमें कर्मचारियों ने पुलिस की गाड़ियों और दूसरी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। चश्मदीदों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की एक गाड़ी को पलट दिया और पत्थरबाज़ी की, जिससे पहले से ही तनावपूर्ण स्थिति और बिगड़ गई। यह लगातार चौथा दिन है जब अशांति बनी हुई है, क्योंकि कर्मचारी बेहतर वेतन की मांग को लेकर बड़ी संख्या में इकट्ठा हो रहे हैं। प्रदर्शनों के बड़े पैमाने और कर्मचारियों के उग्र रवैये के कारण प्रशासन को स्थिति काबू में लाने में मुश्किल हो रही है। वहीं बुलंदशहर में वेतन बढ़ाने, पीएफ-ईएसआई और अन्य सुविधाओं को लेकर मजदूरों ने हंगामा किया।

### फरीदाबाद और पलवल में भी सड़क पर उतरे कर्मचारी

आज सुबह फरीदाबाद के दो इलाकों में निजी कंपनी के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। पहले मामले में फरीदाबाद के सेक्टर-37 सराय ख्वाजा इलाके में मदरसन कंपनी के 500 से अधिक कर्मचारी कंपनी के बाहर सड़क पर वेतन वृद्धि की मांग को लेकर कर्मचारी प्रदर्शन कर रहे हैं और सड़क पर बैठ गए हैं। भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया है। दिल्ली-आगरा हाईवे पर पलवल के पृथला में निजी कंपनी कर्मचारियों ने जाम लगाया।

## जा रहे थे दर्शन करने, पीछे से आ गयी मौत, 7 ने गंवाई जान

● घटना के बाद भाग निकला ट्रक चालक



**नई दिल्ली।** गुजरात के सुरेंद्रनगर में लखतर-विरामगाम हाईवे पर रात क-रीब रात करीब 1:30 बजे लाप-रवाही से चलाए जा रहे एक ट्रक ने सड़क के किनारे पैदल चल रहे कई श्रद्धालुओं को कुचल दिया। इस हादसे में छह तीर्थयात्रियों और सड़क किनारे खड़े एक डंपर के ड्राइवर की मौत मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों में चार महिलाएं भी शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि घायलों की संख्या अभी साफ नहीं है। 'तीर्थयात्री पैदल चल रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। वे बहुचराजी स्थित एक मंदिर में पूजा करने के लिए पैदल निकले थे, तभी पीछे से पूरी रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।' ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

## सीमेंट मिक्सर और वैन की टक्कर में 9 लोगों की मौत, तीन घायल

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार को भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। जानकारी के अनुसार वैन और सीमेंट मिक्सर गाड़ी की टक्कर होने से 9 लोगों की मौत हो गई। जबकि हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। यह घटना सुबह करीब 11:30 बजे मुरबाड के गोविली गांव में रैता पुल पर हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, विपरीत दिशा से आ रहे एक सीमेंट मिक्सर से वैन की सीधी टक्कर हो गई। इस टक्कर की भयावहता इतनी अधिक थी कि वैन में सवार नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस की ओर से दुर्घटनास्थल पर बचाव एवं राहत कार्य जारी है। हादसे के बाद पुल पर ट्रैफिक जाम हो गया था। पुलिस उसे भी खुलवाने की कोशिश में जुटी है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, बचाव दल और चिकित्सा टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई। घायलों को अस्पताल ले जाने और शवों को निकालने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

## जमीन के बदले नौकरी मामले में बड़ी अदालत से लालू की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** बिहार के चर्चित 'नौकरी के बदले जमीन घोटाले' मामले में राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दर्ज FIR को रद करने की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। हालांकि, जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस एन. का-ेटिश्वर सिंह की बेंच ने लालू यादव को कुछ राहत देते हुए कहा कि उन्हें ट्रायल के दौरान कोर्ट में पेश होने की जरूरत नहीं होगी है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 24 मार्च को यादव और उनके परिवार के सदस्यों से जुड़े इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो की FIR रद करने से इनकार कर दिया था। हाई कोर्ट ने RJD प्रमुख की इस दलील को खारिज कर दिया था कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17A के तहत पहले से मंजूरी न होने के कारण एजेंसी की कार्रवाई कानूनी रूप से मान्य नहीं है। यह मामला 'जमीन के बदले नौकरी' केस से जुड़ा है।

## जलियावाला बाग के बलिदानियों को राष्ट्रपति और पीएम ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** जलियांवाला बाग नरसंहार की बरसी पर पूरा देश प्राणों की आहुति देने वाले अमर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धा और सम्मान के साथ याद कर रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने बलिदानियों को नमन करते हुए उनके बलिदान को राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में कहा कि जलियांवाला बाग में प्राण न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान देशवासियों में आजादी के प्रति नई चेतना और दृढ़ संकल्प का संचार करने वाला रहा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सदैव उनके प्रति कृतज्ञ रहेगा।

## राजकीय सम्मान से किया गया आशा भोसले का अंतिम संस्कार



● तिरंगे में लपेट कर दी गयी सलामी

**मुम्बई।** आशा भोसले की अंतिम यात्रा उनके निवास कासा ग्रैंड से शिवाजी पार्क के लिए निकली। उनके शव वाहन को सफेद फूलों से सजाया गया था। आज 4 बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में अंतिम संस्कार किया गया। आशा भोसले का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। सुबह उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके मुंबई निवास कासा ग्रैंड में रखा गया। इससे पहले उन्हें तिरंगे में लपेटकर सलामी दी गई। आशा भोसले ने 82 साल के सिंगिंग करियर में 9 फिल्मफेयर समेत 100 से अधिक अवॉर्ड जीते।

## बायोमेट्रिक सिस्टम से मतदान पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मतदान केंद्रों पर फिंगर और आईरिस आधारित बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली लागू करने की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। याचिका में कहा गया है कि इस तरह की तकनीक अपनाने से फर्जी और डुप्लीकेट वोटिंग पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने स्पष्ट किया कि याचिका में मांगी गई व्यवस्था को आने वाले विधानसभा चुनावों में लागू नहीं किया जा सकता।




## अमेरिका ने किया ईरानी बंदरगाहों के नाकाबंदी का ऐलान



### वैश्विक तेल कीमतों में उछाल, मुंह के बल शेयर बाजार

● गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच यात्रा करने वाले जहाजों को ही होर्मुज से गुजरने की अनुमति दी जाएगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका आज से होर्मुज स्ट्रेट पर नाकेबंदी लागू करने जा रहा है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से ईरान के बंदरगाहों की ओर आने-जाने वाले जहाजों को रोका जाएगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि नाकेबंदी का मकसद ईरान की तेल बिक्री रोकना है। इसमें कहा गया है कि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच यात्रा करने वाले जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। ट्रम्प के मुताबिक, कई अन्य देश भी इस प्रयास में अमेरिका का साथ दे रहे हैं। ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान की सैन्य ताकत को भारी नुकसान हुआ है और उसकी नौसेना लगभग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 158 जहाज तबाह किए जा चुके हैं। नाकेबंदी के ऐलान के बाद वैश्विक तेल कीमतों में तेज उछाल आया है। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट 104 डॉलर प्रति बैरल और ब्रेंट क्रूड 102 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। इस बीच वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में हुई वार्ता के विफल होने के बाद अमेरिका ईरान पर दोब-ारा सैन्य हमले करने पर भी विचार कर रहा है। व्हाइट हाउस ने साफ किया है कि सभी विकल्प खुले हैं और हालात के हिसाब से आगे का फैसला लिया जाएगा। वहीं अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने से सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 1,600 अंक की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी 23,600 से नीचे पहुंच गया। बैंकिंग शेयरों में भारी गिरावट दिख रही है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स दिन के निचले स्तर 75,939 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 450 अंक से अधिक गिरकर सुबह 9:20 बजे 23,600 के स्तर से नीचे आ गया। बाजार में अस्थिरता मापने वाला भारतीय ॡ 13ङ से अधिक बढ़कर 21 के ऊपर पहुंच गया। शुरुआती कारोब-ार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 49 पैसे गिरकर 93.32 पर आ गया।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव

● तापमान अधिकतम : 36.7°C
● तापमान न्यूनतम : 20.8°C

● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05

वाराणसी, 13 अप्रैल, सोमवार, 2026 (3)






बीएलडब्ल्यू थाना क्षेत्र अन्तर्गत पहाड़ी गांव के डीह बाबा पर सेवा भारती द्वारा लगाये गए नि:शुल्क कैंप में शामिल चिकित्सक व ग्रामीण : छाया जनमुख

# एलपीजी को लेकर बड़ा फैसला

## मांगलिक कार्यक्रम वाले घरों को मिलेगी प्राथमिकता, नहीं लगाना होगा एजेंसियों का चक्कर

**● शादी के कार्ड के साथ करना होगा आवेदन**



वाराणसी। वाराणसी में गैस सिलेंडर के लिए तमाम लोग अभी भी गैस एजेंसियों का चक्कर लगा रहे हैं। कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद सिलेंडर मिल पा रहा है। वहीं, दूसरी ओर मांगलिक कार्यक्रमों की शुरूआत होने वाली है। जिनके घरों में शादी आदि मांगलिक कार्यक्रम होने हैं उन्हें राहत देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे लोगों को सिलेंडर उपलब्ध कराना प्राथमिकता होगी जिनके घरों में वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित होने हैं। उन्हें शादी कार्ड लेकर एजेंसी पर जाना होगा और कुछ प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें सिलेंडर मुहैया कराया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है जो लोग इसके लिए आवेदन करते हैं, उनकी सूची प्रतिदिन जिलापूर्ति कार्यालय में उपलब्ध कराएं। जरूरतमंद लोगों को अर्दली बाजार स्थित कार्यालय में शादी/मांगलिक कार्य के कार्ड और सिलेंडरों की संख्या के साथ आवेदन करना होगा। एजेंसी संचालकों को निर्देश दिया गया कि वे शादी/मांगलिक कार्य से संबंधित लोगों के आवेदन को प्राथमिकता दें। उन्हें कमर्शियल गैस सिलेंडर कनेक्शन दिया जाए। जिलापूर्ति अधिकारी केवी सिंह का कहना है कि, जिनके घरों में मांगलिक कार्य हैं उन्हें संबंधित क्षेत्र की एजेंसियों में कमर्शियल सिलेंडर का अस्थायी कनेक्शन लेना होगा। संख्या के आधार पर सिक्योरिटी राशि और सिलेंडर का शुल्क जमा करना होगा। समारोह के बाद सिलेंडर वापसी पर सिक्योरिटी राशि लौटा दी जाएगी।

## नई सड़क पर होटल में लगी आग, कई झुलसे

**● फंसे लोगों को रेस्क्यू कर निकाला गया**



**वाराणसी।** नई सड़क इलाके में बीती रात होटल एचएम में आग लगने से हड़कंप मच गया। जिस वक्त आग लगी उस समय होटल में कई यात्री गहरी नींद में थे। आग लगने की सूचना मिलते है एसीपी दशाश्वमेध भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और चेतगंज से फायर सर्विस को बुलाया। पुलिस, फायर सर्विस के जवानों और स्थानीय लोगों ने होटल में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में 5 यात्री झुलस गए है जिनका उपचार मंडलीय चिकित्सालय और ट्रामा सेंटर में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात 1 बजे के बाद अचानक नई सड़क के फरहान होटल के बगल में स्थित होटल एचएम इंटरनेशनल से लपटें उठने लगीं। लपटें फर्स्ट फॉर की बालकनी से निकल रहीं थीं। ऐसे में अंदर मौजूद लोग चीखने लगे। जिन्हे बचाने के लिए स्थानीय लोग दौड़ पड़े। पानी डाला गया और नीचे के फ्लोर के यात्रियों को सकुशल निकाला गया।

## 24 घंटे में दो डिग्री सेल्सियस बढ़ गया पारा



**वाराणसी।** जनपद गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। सोमवार सुबह से मौसफ साफ है। तेज धूप निकली है। हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग का कहना है कि आज दिन में पारा 40°C पार पहुंच जाएगा। जबकि पिछले 24 घंटे में 2°C तापमान बढ़ा है। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने से गर्मी बढ़ने लगी है। अगले 2 सप्ताह कोई भी विक्षोभ सक्रिय नहीं हो रहा है। इस वजह से बारिश के आसार नहीं हैं। इससे भीषण गर्मी पड़ेगी। पिछले 48 घंटे की बात करें तो प्रयागराज दूसरी बार सबसे गर्म रहा। यहां शनिवार को अधिकतम तापमान 37.6°C रिकॉर्ड किया गया। रविवार को 39.8°C तापमान दर्ज किया गया।

# आंदोलनकारियों को कांग्रेस का समर्थन

## कनिष्ठ लिपिक परीक्षा स्थगन की मांग

**● अजय राय ने वीडियो कॉलिंग के जरिये किया प्रदर्शनकारियों से संवाद**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिला कांग्रेस कमेटी एवं महानगर कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल आज काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मधुबन स्थित धरना स्थल पहुंचकर कनिष्ठ लिपिक परीक्षा स्थगन की मांग को लेकर आंदोलनरत कर्मचारियों का समर्थन किया। प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल एवं महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे के नेतृत्व में पहुंचा, जहां उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके आंदोलन को पूर्ण समर्थन दिया। इस दौरान अजय राय (प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस) ने वीडियो कॉल के माध्यम से धरना स्थल पर मौजूद कर्मचारियों से संवाद किया। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके आंदोलन को पूर्ण समर्थन देते हुए आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी उनके हक और न्याय की इस लड़ाई को मजबूती से लड़ेगी और हर स्तर पर उनके साथ खड़ी रहेगी। जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल और महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि बीएचयू प्रशासन की कार्यप्रणाली पूरी तरह से असंवेदनशील और कर्मचारियों के हितों की अनदेखी करने वाली है। वर्षों से विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के नियमितीकरण का मामला लंबित है, लेकिन इसके समाधान के बजाय प्रशासन परीक्षा आयोजित कर कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

## भूमाफियाओं के चंगुल से भूमि मुक्ति के बाद समिति गठन का प्रस्ताव



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** गांधीनगर कालोनी में भूमाफियाओं के चंगुल से मुक्त कराई गई भूमि पर एक आवश्यक बैठक आहूत हुई जिसमें सैकड़ों स्थानीय लोगों ने भाग लिया। बैठक में इस आंदोलन को आगे भी जनहित में जनता की लड़ाई को लड़ते रहने की आवश्यकता पर बल दिया गया। उपस्थित लोगों ने क्षेत्रीय नागरिक सेवा समिति नाम से समिति का पंजीकरण कराने का प्रस्ताव दिया और एकमत होकर समिति के अध्यक्ष पद पर अशोक पटेल, सचिव पद पर वरुण सिंह, उपाध्यक्ष पद पर हरिशंकर मिश्र मंचल, कोषाध्यक्ष पद पर राजेश वर्मा गुड्डू, विधिक सलाहकार के पद पर राकेश मिश्र का मनोनयन किया। समिति में संरक्षक मंडल में पार्षद प्रतिनिधि राजीव सिंह पटेल, पार्षद संजीव चौरसिया, बब्बन प्रसाद राय, रघुनाथ यादव, धीरज सिंह, किस्मत अली, पारसनाथ सहित 11 सदस्यीय पदेन संरक्षक बनाए गए और समिति में 12 सदस्य संचालन समिति के रूप में बनाए गए ।

## सेवा भारती ने पहाड़ी गांव में लगाया चिकित्सा शिविर



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ईकाई सेवा भारती द्वारा बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर बीएलडब्ल्यू थाना क्षेत्र अन्तर्गत पहाड़ी गांव, भुल्लनपुर व जलालीपट्टी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने चिकित्सा का लाभ उठाया। शिविर में पहुंचे मरीजों के रक्तचाप की जांच के साथ उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उचित परामर्श के साथ मरीजों में निःशुल्क औषधि का वितरण भी किया गया। गठिया तथा अन्य रोगों से पीड़ित रोगियों ने शिविर का लाभ उठाया। इस मौके पर दीपेश, देवतानंद, अजय पार्षद प्रतिनिधि, सुरेश सिंह (पूर्व प्रधान), संतोष, श्रवण, प्रफुल्ल, प्रतीक, उमेश, अनुराग, शिवम, पंकज, नितेश, दीपक, करन पटेल आदि उपस्थित रहे।

## गणेश वर्णी दिगंबर जैन संस्थान ने लगाया स्वास्थ्य शिविर और चित्र प्रदर्शनी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** गणेश वर्णी दिगंबर जैन संस्थान नरिया के तत्वावधान में पंडित फूलचंद शास्त्री सिद्धांत आचार्य की जन्म जयंती के अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो अशोक जैन रुड़की और नीरजा जैन के संरक्षण में सन्मति जैन महिला मंडल और जैन मिलन काशी के सहयोग से एक्यूप्रेशर, फिजियोथैरिपी व नेत्र परीक्षण शिविर के साथ ही नवोदित कलाकार डॉ अमित कुमार बीएचयू के चित्रों और सन्मति जैन पाठशाला के बच्चों के चित्रों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। विजय कुमार जैन द्वारा जैन धर्म से संबंधित डाक टिकटों को संकलित किया है उन सभी टिकटों को छपवा कर शीट को प्रदर्शित किया। समाज के उपसभापति राकेश कुमार जैन, विनोद जैन चांदीवाला, जैन मिलन के अध्यक्ष विजय कुमार जैन, सन्मति महिला मंडल की अध्यक्ष लता मोदी जैन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम की नितांत जरूरत है। कार्यक्रम में फिजियोथैरेपिस्ट डॉ डी पी तिवारी, नेत्र विशेषज्ञ डॉ अमितोष चंद्रा ने निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉ वैभव जैन, डॉ विवेकानंद जैन और डॉ राजेश जैन बीएचयू का मार्गदर्शन भी शिविर को मिला। मुख्य अतिथि डॉ फॉदर फिलिप डेनिस ने कहा कि जैन धर्म के मूल में अहिंसा और करुणा है, जिसकी आज विश्व में जरूरत है। निर्णायक मंडल की डॉ शुचिता सिंह और निशिता जैन रागी द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## सबसे ज्यादा लूट-खसोट शिक्षा और चिकित्सा में : अशोक



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि आज देश भर में महंगी शिक्षा और महंगी किताबों के नाम पर चारों तरफ बड़े पैमाने पर ढोल पीटा जा रहा है। जबकि देशभर में स्थित उच्च शिक्षा संस्थान और बड़े बड़े नामी गिरामी हास्पिटल जहां खुले आम बडे पैमाने पर लूट मची है। इस तरह के संस्थान को संचालित करने वाले राज सत्ता में बैठे राजनेता, मंत्री, सांसद, विधायक, भू माफिया तथा कॉरपोरेट और मीडिया जगत के लोग हैं। और इनके खिलाफ कोई आवाज न उठना आश्चर्यजनक है।

## रोटरी एवं इनरव्हील क्लब के मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में 33 यूनिट रक्त एकत्रित



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोटरी क्लब वाराणसी ग्रेटर एवं इनरव्हील क्लब वाराणसी ग्रेटर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को महमूरगंज स्थित माहेश्वरी भवन में एक विशाल रक्तदान शिविर (मेगा ब्लड डोनेशन कैंप) का आयोजन किया गया। इस कार्य में क्लब के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप कुल 43 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित आई सर्जन डॉ सुनील साह द्वारा किया गया। कैंप को सफल बनाने में मुख्य संयोजक राजीव अग्रवाल एवं प्रतिमा जैन का विशेष योगदान रहा। कैंप के मुख्य कोऑर्डिनेटर रवि सारडा ने सभी रक्तदानियों का उत्साहवर्धन किया। संस्था की ओर से रक्तदान करने वाले सभी सदस्यों को अध्यक्षद्वय रो० संदीप प्रहलादका एवं संगीता अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया।






## कार्यकर्ताओं से ही संगठन है : रवीन्द्र

**● राजर्षि मंडल के कार्यकर्ताओं की कार्यशाला**




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के कार्यक्रम के अंतर्गत शहर उत्तरी विधान सभा क्षेत्र के राजर्षी मंडल के कार्यकर्ताओं की कार्यशाला रविवार को शिवपुर स्थित कादम्बनी लान में हुआ। जिसका प्रदेश के स्टाम्प मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने शुभारंभ किया। मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि कार्यकर्ता है तो संगठन है और संगठन राष्ट्र का सम्पूर्ण विकास कार्य करती है। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी चेतनारायण सिंह, मधुकर चित्रांश महानगर उपाध्यक्ष, महानगर महामंत्री नवीन कपूर, उत्तरी विधान सभा संयोजक अरविंद सिंह, कमलेश झा, मंडल अध्यक्ष विवेक पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष रतन कुमार मौर्या, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज पांडेय, पूर्व मण्डल अध्यक्ष जे.पी. सिंह, पार्षद अशोक मौर्या, पार्षद संदीप रघुवंशी, पार्षद कुसुम पटेल, पार्षद बलिराम कन्नौजिया, पार्षद रोहित मिश्रा, पूर्व पार्षद शिवशंकर यादव, पूर्व पार्षद रोहित मौर्य, पूर्व पार्षद संदीप रघुवंशी, संचलन अनूप घोषाल, सुरेखा सिंह, मंजू सिंह, सूरज सोनकर सुधांशु पांडेय तथा मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आशा भोसले को मंत्री ने दी श्रद्धांजलि



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने अपने शोक संदेश में कहा कि प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले के निधन से अत्यंत दुखी हूँ। उनकी अनुपम और जादुई आवाज़ ने मानवीय भावनाओं के हर रंग को जीवंत किया और पीढ़ियों तक लोगों के दिलों में गूंजती रहेगी। वे हमारे राष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की एक जीवंत पहचान थीं। उनके गीत करोड़ों प्रशंसकों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं।


**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ



प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

# सोनभद्र समाचार

## ठेले से टकराकर बाइक सवार ससुर की मौत, दामाद घायल

**रामगढ़।** पन्नूगंज थाना क्षेत्र के चंदपुरवा गांव के पास कर्मनाशा कट नहर पर शनिवार की रात में एक ठेले से बाइक टकरा गई। इसमें बाइक सवार कांता चेरो (58) की मौत हो गई। वहीं उनका दामाद नंदलाल चेरो (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल व्यक्ति का उपचार चल रहा है। पन्नूगंज थाना क्षेत्र के सिलहट गांव के रहने वाले कांता चेरो शनिवार की रात में मांची थाना क्षेत्र के काशी गांव निवासी दामाद नंदलाल चेरो के साथ बाइक से सिलहट से किरहुलिया बैरियर की ओर जा रहे थे। रात में करीब 8 बजे सामने से भूसा लादकर आ रहे ठेले से उनकी बाइक टकरा गई, इससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग एंबुलेंस से दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चतरा ले गए। जहां से कांता चेरो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में देर रात में कांता की मौत हो गई। वहीं नंदलाल चेरो का इलाज जारी है। घटना के बाद परिजन शव को घर ले गए। पन्नूगंज थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह का कहना है कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है, पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### मारकुंडी घाटी से गुजर रहा टैंकर 200 फीट गहरी खाई में गिरा, चालक की मौत

**सलखन।** चोपन थाना क्षेत्र के मारकुंडी में घाटी उतरते समय तारकोल लदा टैंकर शनिवार की रात अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। लगभग 200 फीट गहरी खाईं में गिरने से जहां टैंकर के परखच्चे उड़ गए।

# मीरजापुर समाचार

## बर्तन मांजने के विवाद में मां ने डांटा तो किशोरी ने फंदे पर लटककर दी जान

**कछवां।** थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में रविवार सुबह बर्तन मांजने के लिए दो बहनों में विवाद हुआ तो मां ने छोटी बेटी रिमझिम (13) को डांट दी। इससे नाराज होकर कमरे में गई रिमझिम ने दुपट्टे के सहारे फंदे से लटक कर जान दे दी। परिजनों ने फंदे से लटका देखकर उसे अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी रिमझिम (13) पुत्री लक्ष्मीनरायण चार बहनों में तीसरे नंबर पर है। पिता लक्ष्मी नारायण रोजगार के लिए कोलकाता में रहते हैं। रविवार सुबह रिमझिम का बहनों से बर्तन मांजने के लिए विवाद हुआ था। विवाद होने पर पहुंची मां ने रिमझिम को डांटा। इससे नाराज होकर रिमझिम मकान के द्वितीय तल पर पहुंच कर गाटर के हुक पर दुपट्टे के सहारे फंदे से लटक गई।

# भदोही समाचार

## संदिग्ध परिस्थिति में गर्भवती विवाहिता की मौत



**बाबूसराय।** औराई के दल्लुपुर गांव में रविवार की सुबह गर्भवती विवाहिता किशन देवी (22) की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक विवाहिता ने फंदे पर लटककर जान दी है। वे तीन महीने से मायके में रह रही थी। तीन दिन पहले उसका पति अजय बिंद मुंबई से विदाई कराने के लिए घर आया था। औराई के दल्लूपुर गांव निवासी किशन देवी की शादी मई 2025 में जौनपुर जिले के सर्रया नेवढिया निवासी अजय बिंद से हुई थी। वह आठ महीने की गर्भवती थी। पति अजय मुंबई में नौकरी करता था। दो दिन पहले पत्नी की विदाई कराने आया था। दोनों छत पर सो रहे थे। रविवार की सुबह परिवार के लोग गेहूं काटने गए थे। तभी परिजनों को पता चला कि किशन की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार त्रिपाठी ने बताया कि महिला के गले पर निशान है। इससे फंदा लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# मऊ समाचार

## हृदय गति रुकने से पूर्व सांसद हरिनारायण का निधन

**मऊ।** घोसी लोकसभा सीट से भाजपा के पूर्व सांसद हरिनारायण राजभर (76) का रविवार को लखनऊ के एक निजी अस्पताल में हृदयगति रुकने से निधन हो गया।

हरिनारायण का जन्म 1 जनवरी 1950 को बलिया जिले के बेल्थरारोड तहसील क्षेत्र के उभांव के टंगुनिया गांव में हुआ था। परिजनों ने बताया कि शनिवार रात सांस लेने में तकलीफ होने के बाद पूर्व सांसद की तबीयत बिगड़ गई थी।

उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार की सुबह निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी मेवाती देवी, तीन बेटों और पांच बेटियों को छोड़ गए। निधन से परिजनों में शोक है। 2014 के लोकसभा चुनाव में घोसी सीट पर उन्होंने बसपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान को 1 लाख 46 हजार 15 मतों से हराकर जीत दर्ज की थी।

# चंदौली समाचार

## पहिए के नीचे दबकर महिला की हुई मौत



**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के भोजापुर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय रविवार की सुबह करीब सात बजे कोरियर वाहन (डीसीएम) के पहिए के नीचे बाइक सवार महिला के आ जाने से मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। दुर्घटना करने वाले कोरियर वाहन को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सैयदराजा बाजार निवासी दर्शनिया मोलई गोंड़ की तीन पुत्रियां अंजू, साधना और मेनका हैं। 45 वर्षीय अंजू की शादी कोतवाली क्षेत्र के घरचित गांव निवासी राजकुमार गोंड से हुई थी। राजकुमार सूरत में एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। अंजू के एक 18 वर्षीय बेटा विशाल और दो बेटियां अंजली व तनु हैं। अंजू अपने मायके सैयदराजा से अपने भाई आशुतोष गोंड के साथ बाइक से वाराणसी के बाबतपुर दर्शन-पूजन के लिए जा रही थीं। उनके साथ दोनों बहनें मेनका और साधना व छोटी बेटी स्वाति भी अनिल की बाइक से जा रही थीं। भोजापुर रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक खुला होने पर अनिल की बाइक क्रॉसिंग पार कर चुकी थी। इसी दौरान सामने से कोरियर वाहन (डीसीएम) क्रॉसिंग से गुजर रहा था। अचानक रेलवे ट्रैक पर आशुतोष की बाइक असंतुलित होकर डीसीएम वाहन से टकरा गई। इससे बाइक पर पीछे बैठी अंजू डीसीएम के पहिए के नीचे आ गईं और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई।

# गाजीपुर समाचार

## ट्रांसफॉर्मर चोरी में एसडीओ समेत तीन दोषी, दो संविदा लाइनमैन बर्खास्त

**गाजीपुर।** विद्युत वितरण खंड जंगीपुर के पारा उपखंड में ट्रांसफॉर्मर चोरी के मामले में जांच के बाद बड़ी कार्रवाई की गई है। प्रकरण में उपखंड अधिकारी (एसडीओ) समेत तीन लोग दोषी पाए गए हैं। इनमें से दो संविदा लाइनमैन को बर्खास्त कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसडीओ प्रमोद यादव के कार्यकाल में क्षेत्र से करीब नौ ट्रांसफार्मर गायब हो गए थे। मामला तूल पकड़ लिया। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने हालिया दौरे के दौरान उपकेंद्र महरौर का निरीक्षण किया। कई खामियां सामने आईं। इसके बाद जांच तेज कर दी गई। मुख्य अभियंता वाराणसी द्वितीय अनिल वर्मा ने बताया कि जांच में एसडीओ प्रमोद यादव के साथ दो संविदा लाइनमैन रमेश राम और शिवकुमार दोषी पाए गए हैं। दोनों संविदा लाइनमैन को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया

# सुल्तानपुर समाचार

## बरामदे में सो रहे दरोगा के पिता की गोली मारकर हत्या



**जयसिंहपुर (सुल्तानपुर)।** बेलगरा गांव निवासी किसान विजय प्रताप सिंह (55) की शनिवार रात नकाबपोश बदमाश ने गोली मारकर हत्या कर दी। घर के बरामदे में सो रहे थे। करीब तीन वर्षों से पैरालिसिस से पीड़ित थे। अभी तक हत्या की वजह पता नहीं चल सकी है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। किसान का बड़ा पुत्र अंकुर सिंह कानपुर नगर के चकेरी थाने में उप निरीक्षक है। मृतक की पुत्री सोनम ने बताया कि पिता विजय प्रताप सिंह रोजाना की तरह शनिवार रात खाना खाने के बाद घर के बरामदे में सो रहे थे। रात्रि एक बजे एक अज्ञात बदमाश उनके पास पहुंचा। उसने पिता की कनपटी से सटाकर असलहे से गोली चला दी। गोली की आवाज सुनकर जब तक घर वाले पहुंचते हमलावर भाग निकला। विजय प्रताप की पत्नी तारा देवी ने बताया कि वह अपने पति से कुछ दूरी पर लेटी थीं। गोली की आवाज सुनकर उनकी नींद टूट गई। उन्होंने देखा कि एक नकाबपोश बदमाश उनके पति के पास से बाहर की ओर भाग रहा था। गंभीर अवस्था में परिजनों ने विजय प्रताप को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने रात में घटनास्थल का जायजा लिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। परिजनों के संदेह के आधार पर एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा। रविवार देर शाम विजय प्रताप सिंह का शव पहुंचा गांव में ही शव का अंतिम संस्कार किया गया।

# बलिया समाचार

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

**सिकंदरपुर।** सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के खटगा चट्टी पर शनिवार की रात 9 बजे ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में नौशाद (22) की मौके पर मौत हो गई। आजाद (20) घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ट्रैक्टर को सीज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बलिया भेज दिया। थाना क्षेत्र के कोथ गांव निवासी नौशाद (22) अपने गांव के ही आजाद (20) के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे खटगा चट्टी के समीप पहुंचे। सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सीएचसी सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने नौशाद को मृत घोषित कर दिया।

# प्रयागराज समाचार

## रेलकर्मियों को बड़ी सौगात, प्रयागराज समेत कई शहरों में एक हजार रेलकर्मियों के लिए बनेंगे आवास



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) प्रशासन ने कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही आवासीय समस्या को दूर करने के लिए कमर कस ली है। महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के दिशा-निर्देश पर करीब एक हजार रेलकर्मियों के लिए सरकारी क्वार्टर बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। इसके तहत प्रयागराज सहित मंडल के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों के पास अत्याधुनिक टाइप-2 और टाइप-3 श्रेणी के आवासों का निर्माण किया जाएगा। प्रयागराज में जीआरपी कॉलोनी के पास बहुमंजिला इमारतों का निर्माण प्रस्तावित है। हालांकि, शहर में पहले भी कई आवासीय परिसर बनाए गए हैं, लेकिन बढ़ती वर्कफोर्स के कारण आवासों की मांग काफी है। सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि केवल प्रयागराज ही नहीं, बल्कि इटावा, कानपुर, अलीगढ़, झांसी, ग्वालियर, चित्रकूट, आगरा, बांदा और मथुरा जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर भी आवास बनाए जाएंगे। इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य रेलकर्मियों को उनके कार्यस्थल के नजदीक बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। वर्तमान में कई स्थानों पर निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, वहीं कुछ शहरों में रेलवे की खाली पड़ी जमीन को चिह्नित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

# देवरिया समाचार

## बैतालपुर में आधी रात में युवक की गोली मारकर हत्या

**देवरिया।** गौरी बाजार थाना क्षेत्र स्थित बैतालपुर डिपो के निकट एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गए सोपरी गांव के रहने वाले पप्पू यादव (38) की रविवार की रात करीब 11.30 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक की हत्या की सूचना पर एसपी अभिजीत आर शंकर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

पप्पू के पिता धारी यादव ने गांव के ही तीन लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि पप्पू दो दिन पहले ही परदेस से लौटा था और रविवार की रात वापस जाने के लिए घर से निकला था। रात करीब 11:30 बजे वह बैतालपुर डिपो के पास स्थित रेस्टोरेंट पर खाना खाने पहुंचा था। उसी समय पीछा करते हुए तीन युवक पहुंचे और पप्पू को ताबड़तोड़ दो गोलियां मार दीं। गोली लगने से पप्पू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# गोरखपुर समाचार

## रोडवेज बस ने बाइक में मारी टक्कर, महिला की मौत- मासूम जख्मी





**गोरखपुर।** शाहपुर इलाके में मेडिकल कॉलेज रोड स्थित राधिका कॉम्प्लेक्स के पास रविवार सुबह लगभग 11 बजे रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। हादसे में महिला की एक वर्षीय मासूम बेटी गंभीर रूप से जख्मी हो गई, वहीं बाइक चला रहे महिला के ससुर को मामूली चोटें आईं। महिला बेटी का इलाज कराने अपने ससुर के साथ गोरखपुर शहर आई थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्ची को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, वहीं महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने बस चालक को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, कुशीनगर जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सिसवा शुकुल निवासी राम प्रताप सिंह रविवार सुबह अपनी पोती का इलाज कराने के लिए बाइक से बहू स्वाति सिंह (28) और एक वर्षीय पोती क्रियांश को लेकर डॉक्टर केपी कुशवाहा के पास गए थे। लगभग 11 बजे डॉक्टर को दिखाने के बाद वे तीनों बाइक से मेडिकल कॉलेज रोड से असुरन होते हुए कप्तानगंज लौट रहे थे। जब वे राधिका कॉम्प्लेक्स के पास पहुंचे, तभी पीछे से आई रोडवेज बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे स्वाति सड़क पर गिर गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उनकी मासूम बेटी दूर गिरने के कारण गंभीर रूप से जख्मी हो गई। महिला के पति रणजीत सिंह विदेश में हैं। थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। बस चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

# आजमगढ़ समाचार

## पंकज सिंह बने जिला उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार संयुक्त मंत्री




**आजमगढ़।** विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ का मंडलीय सम्मेलन एवं चुनाव जिलाअध्यक्ष एवं प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य नारायण प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी के रूप में वाराणसी के जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद तथा सहयोगी के रूप में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र प्रताप उपस्थित रहे। उनके निर्देशन में जिला कार्यकारिणी को यथावत घोषित करते हुए तीन नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। पंकज कुमार सिंह को जिला उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार को संयुक्त मंत्री तथा रोहित राम को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। मऊ जनपद से अरविंद चौहान को संयोजक तथा अशोक कुमार और रियाज अहमद को सह-संयोजक नियुक्त किया गया। वहीं बलिया से रुपेश शर्मा को संयोजक एवं जनार्दन यादव को सह-संयोजक घोषित किया गया। मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष जीके शर्मा ने सभी से अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। सम्मेलन में राहुल, संजय, गोपाल प्रसाद, त्रिलोक कपूर, मुकेश यादव, भूपेंद्र नाथ, सुशील कुमार वर्मा, रनू यादव, जगदीश शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला मंत्री एवं प्रांतीय संयुक्त मंत्री जमुना प्रसाद गौड़ ने किया।

# जौनपुर समाचार

## जौनपुर में कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**जौनपुर।** मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के रामपुर थाना अंतर्गत सिधवन पेट्रोल पंप के सामने जौनपुर-भदोही नेशनल हाईवे पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। अज्ञात कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना 12 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 3:00 बजे हुई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय संजय यादव के रूप में हुई है, जो सेरवा प्रकाशपुर, भदोही के निवासी थे। वह अपनी मोटरसाइकिल (UP62A M2267) से सिधवन बाजार दवा लेने जा रहे थे, तभी जौनपुर की ओर से आ रही एक सफेद रंग की तेज रफ्तार कार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल संजय यादव को तत्काल जीवनदीप अस्पताल, भदोही ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। रामपुर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के भाई रामलोलरक यादव ने रामपुर थाने में तहरीर दी है, जिसमें उन्होंने अज्ञात सफेद कार चालक पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर, रामपुर पुलिस ने रविवार रात अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। रामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# लाइफ मंत्र

## सूरज पर लगेगा ग्रहण का पहरा, जानें साल के दूसरे सूर्य ग्रहण की तारीख और सही समय



खगोल विज्ञान के प्रेमियों और ज्योतिष में आस्था रखने वालों के लिए साल 2026 एक बहुत ही महत्वपूर्ण वर्ष साबित होने वाला है। इस साल ब्रह्मांड में कई बड़ी हलचलें होने वाली हैं, जिनमें से साल का दूसरा सूर्य ग्रहण सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बना हुआ है। जब चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य के बीच आकर सूरज की रोशनी को पूरी तरह या आंशिक रूप से रोक देता है, तो उसे सूर्य ग्रहण कहा जाता है। लेकिन 12 अगस्त 2026 को होने वाली यह घटना केवल एक सामान्य खगोलीय दृश्य नहीं है, बल्कि वैज्ञानिकों के लिए शोध का एक बड़ा अवसर भी है। ऐसे में हर किसी के मन में यह सवाल है कि क्या इस बार दिन में अंधेरा छाएगा या नहीं। तो आइए जानते हैं कि इस ग्रहण का सही समय क्या है और भारत के संदर्भ में इसका क्या महत्व रहने वाला है।

### सूर्य ग्रहण 2026 डेट और टाइम

वैदिक पंचांग की गणना के अनुसार, इस वर्ष 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या का पर्व मनाया जाएगा, और इसी महत्वपूर्ण तिथि पर साल का दूसरा सूर्य ग्रहण भी घटित होने जा रहा है। सूर्य ग्रहण का आरंभ 12 अगस्त की रात को 09:04 बजे होगा, जो अगले दिन यानी 13 अगस्त की सुबह 04:25 बजे समाप्त होगा। चूंकि यह ग्रहण भारतीय आकाश में दिखाई नहीं देगा, इसलिए धार्मिक दृष्टि से इसका सूतक काल भारत में प्रभावी नहीं होगा। श्रद्धालु बिना किसी संशय के अपनी नियमित पूजा और अमावस्या के अनुष्ठान संपन्न कर सकेंगे।

### दुनिया में कहां-कहां दिखाई देगा?

ग्रीनलैंड, आइसलैंड और स्पेन में इसे पूर्ण रूप से देखा जा सकेगा। रूस के कुछ हिस्सों और पुर्तगाल में भी इसका आंशिक प्रभाव रहेगा। यूरोप के बड़े हिस्से में शाम के वक्त यह एक अद्भुत खगोलीय नजारा पेश करेगा।

### भारत पर क्या होगा इसका प्रभाव?

भौगोलिक स्थिति के कारण 12 अगस्त 2026 का यह सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। यह मुख्य रूप से पश्चिमी देशों और उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्रों तक सीमित रहेगा। शास्त्रों के अनुसार, जो ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देता, उसका सूतक काल यहां मान्य नहीं होता। इसलिए, भारत में रहने वाले लोगों को दैनिक पूजा-पाठ या खान-पान के नियमों को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

### ग्रहण के दौरान सावधानियां

सूर्य को कभी भी नंगी आंखों से न देखें। इसके लिए विशेष सोलर फिल्टर या ग्रहण चश्मे का उपयोग करें। गर्भवती महिलाओं को ग्रहण के दौरान सीधे प्रकाश में आने से बचना चाहिए।

## महंगे Beauty Products से बेहतर है एलोवेरा, बस एक हफ्ता लगाएं और पाएं बेदाग चेहरा



गर्मियों में धूप से जली और बेजान त्वचा के लिए एलोवेरा एक कारगर घरेलू उपाय है। इसके नियमित इस्तेमाल से न सिर्फ सनबर्न में राहत मिलती है, बल्कि यह त्वचा के दाग-धब्बे और झुर्रियों को कम करके चेहरे पर प्राकृतिक चमक लाता है। गर्मियों की तेज धूप अक्सर हमारे चेहरे की रंगत छीन लेती है। ऐसे में हम महंगे प्रोडक्ट्स के पीछे भागते हैं, जबकि असली समाधान हमारे घर में लगे एलोवेरा में ही है। एलोवेरा स्किन के लिए किसी जादू से कम नहीं है। अगर आप इसे लगातार एक हफ्ते तक इस्तेमाल करती हैं, तो न सिर्फ आपके चेहरे पर चमक आएगी, बल्कि पुराने दाग-धब्बे भी हल्के पड़ने लगेंगे।

**रात को करें गहरी सफाई**

सोने से पहले चेहरे की सफाई बहुत जरूरी है। आप एलोवेरा जेल से हल्के हाथों से चेहरे की मसाज करें और फिर पानी से धो लें। यह आपकी स्किन के अंदर जमी गंदगी को बाहर निकाल देता है। इसके अलावा, अगर आप अपनी स्किन को कोमल बनाना चाहते हैं, तो एलोवेरा में गुलाब जल की कुछ बूंदें मिलाकर लगाएं। इसे रात भर लगाकर छोड़ने से सुबह चेहरा एकदम फ्रेश और खिला-खिला नजर आता है।

**दाग-धब्बों और झुर्रियों से छुटकारा**

मुंहासों और उनके निशानों को दूर करने के लिए एलोवेरा और हल्दी का फेस पैक सबसे बेस्ट है। यह पैक बैक्टीरिया को खत्म करता है और चेहरे की सूजन को भी कम करता है। इसके नियमित इस्तेमाल से चेहरे की महीन रेखाएं और झुर्रियां कम होने लगती हैं। आप एलोवेरा को स्क्रब की तरह भी इस्तेमाल कर सकती हैं, जिससे चेहरे की डेड स्किन साफ हो जाती है।

**एलोवेरा क्यों है खास?**

एलोवेरा में ऐसे गुण होते हैं जो बढ़ती उम्र के असर को रोकते हैं और स्किन को नमी देते हैं। इसमें मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण दाग-धब्बों को दूर कर चेहरा बेदाग बनाते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि ये उपाय इतने आसान हैं कि इनके लिए आपको पार्लर जाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।



## चेहरे पर चाहिए शीशे जैसी चमक? Coconut Oil में ये 2 चीजें मिलाकर देखें जबरदस्त Magic

**खूबसूरत और ग्लोइंग स्किन के लिए नारियल तेल में शहद या हल्दी मिलाकर लगाना फायदेमंद हो सकता है। यह घरेलू उपाय त्वचा के दाग-धब्बों और पिंपल्स को कम कर चेहरे पर नेचुरल ग्लो लाने में मदद करता है।**

बिजी लाइफस्टाइल के चक्कर में हम सभी अपनी स्किन का ध्यान रखना भूल ही जाते हैं। जिस वजह से त्वचा भी धीरे-धीरे बेजान हो जाती है, इसलिए स्किन केयर करना काफी जरुरी है। अब आपको त्वचा की देखभाल के लिए महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स लेने की कोई जरुरत नहीं है। घर पर मौजूद कुछ खास चीजों से आप अपनी त्वची की देखभाल कर सकते हैं और इससे आपकी स्किन भी चमकाने लगेगी। अब आप घर में रखीं इन दो चीजों से त्वचा में निखार ला सकते हैं। खूबसूरत और ग्लोइंग त्वचा के लिए आप नारियल तेल और शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन दोनों को चेहरे पर लगाने से फूलों से निखार मिलेगा। आइए आपको इस बारे में विस्तार से बताते हैं।

**नारियल तेल और शहद का इस्तेमाल**

गौरतलब है कि नारियल तेल और शहद का मिश्रण स्किन के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है। शहद में एंटी-बैक्टीरियल और मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं, जो त्वचा को नमी पहुंचा और चेहरे के दाग-धब्बों को भी कम करता है। कैसे बनाएं ये मिश्रण-

- सबसे पहले आप एक चम्मच नारियल तेल लेना है।
- अब इसमें 1 चम्मच शहद को मिक्स करना है।
- फिर इसे चेहरे पर हल्के हाथों से लगाना है।
- इसे 15 से 20 मिनट चेहरे पर लगा रहने दें।
- इसके बाद गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें।
- ऐसा करने से आपके चेहरे की डलनेस जल्दी खत्म हो जाएगी।

**नारियल तेल और हल्दी**

हल्दी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट के गुण पाए जाते हैं, जो त्वचा को साफ करने में मदद करते हैं। वहीं, नारियल तेल के साथ मिलकर यह जबरदस्त फायदे स्किन को देता है और ग्लोइंग त्वचा नजर आती है।

- सबसे पहले आप चुटकीभर हल्दी में 1 चम्मच नारियल तेल को मिक्स कर दें।
- इस मिश्रण को दाग-धब्बे वाली जगह पर लगाएं।
- इसको लगभग 5 से 10 मिनट तक चेहरे पर लगा रहने दें।
- फिर चेहरे को पानी से साफ कर लें।
- यह मिश्रण स्किन को क्लियर करता है, पिंपल्स प्रॉब्लम और दाग-धब्बों को कम करने में मदद करता है। इसके साथ ही चेहरे पर नेचुरल ग्लोइंग लेकर आता है।

**नारियल तेल के फायदे**

नारियल तेल में फैटी एसिड और विटामिन ई मात्रा भरपूर होती है, जो त्वचा को पोषण प्रदान करती है और यह स्किन को हाइड्रेट रखती है। यह स्किन को सॉफ्ट और एजिंग के लक्षणों को भी कम करने में मदद करता है। अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो इस्तेमाल से पहले एक्सपर्ट की राय जरुर लें।

## ये 5 स्टाइलिश Long Skirts मचा रही हैं धूम, आपको देंगी Celeb जैसा Look



आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट स्कर्ट डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आप अपने कॉलेज, ऑफिस और किसी भी खास इवेंट के मौके पर पहनकर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।

गर्मियों में ज्यादातर महिलाएं स्टाइलिश और हल्के कपड़ों की तलाश में रहती हैं। ऐसे में अगर आप कुछ डिफरेंट ट्राई करने की सोच रही हैं, तो आपको टॉप या शर्ट के साथ कुछ लेटेस्ट और नए डिजाइन वाली स्कर्ट शामिल कर सकती हैं।

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट स्कर्ट डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आप अपने कॉलेज, ऑफिस और किसी भी खास इवेंट के मौके पर पहनकर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।

**पीकॉक इंस्पायर्ड लेयर्ड लहंगा स्कर्ट**

फैशन की दुनिया में कुछ न कुछ बदलाव होता रहता है। गर्मी के मौसम में महिलाओं को स्कर्ट पहनना बहुत पसंद होता है। अगर आपको भी लॉन्ग स्कर्ट पहनना पसंद करती हैं, तो एक जैसी स्कर्ट पहनने की बजाय लेटेस्ट और नए पैटर्न वाली पीकॉक इंस्पायर्ड लेयर्ड लहंगा स्कर्ट चुन सकती हैं। इसमें आपको हटकर लुक मिलेगा।

**मल्टिपल फेब्रिक लेयर विक्टोरियन इंस्पायर्ड स्कर्ट**

अगर आप किसी खास इवेंट में जाने का सोच रही हैं, तो आप इस तरह की खूबसूरत मल्टिपल फेब्रिक लेयर विक्टोरियन इंस्पायर्ड स्कर्ट को अपने लुक में एड कर सकती हैं। यह आपको परफेक्ट लुक देगा। इन दिनों ऐसी स्कर्ट काफी ट्रेंड में है। जो ज्यादातर महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई है।

**फ्लोरल प्रिंट प्लीटेड मैक्सी स्कर्ट**

आप अपने कलेक्शन में लेटेस्ट और नए डिजाइन की फ्लोरल प्रिंट प्लीटेड मैक्सी स्कर्ट भी शामिल कर सकती हैं। नजदीकी मार्केट से आपको ऐसी स्कर्ट किसी भी कपड़े की दुकान पर मिल जाएंगी। यह पहनने में काफी ज्यादा खूबसूरत नजर आती है और आपका लुक भी स्टाइलिश लगेगा।

**लेयर्ड हाई लॉ व्रैप मिडी स्कर्ट**

अगर आप भीड़ से हटकर अलग नजर आना चाहती हैं और अपने लुक में चार चांद लगाना चाहती हैं। तो किसी भी शर्ट या टॉप के साथ हाई लॉ व्रैप मिडी स्कर्ट को शामिल कर सकती हैं। इन दिनों ऐसी स्कर्ट काफी ट्रेंड में है, जो आपके लुक को बेहतरीन बनाने में मदद करेगी। आप इसको ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।

**पिंक लेयर्ड फ्लेयर्ड स्कर्ट**

अगर आप गर्मियों में कुछ डिफरेंट और यूनिक ट्राई करने का सोच रही हैं, तो आपके लिए इस तरह की खूबसूरत पिंक लेयर्ड फ्लेयर्ड स्कर्ट एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। जिसको आप किसी भी शर्ट या टॉप के साथ शामिल कर अपने लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं। इस तरह की स्कर्ट को आप ट्रिप के दौरान कैरी कर सकती हैं।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682